certainly do that. But it does not arise here. I have not got the figures.

12.37 hrs.

PAPERS LAID ON THE TABLE

NOTIFICATIONS UNDER ESSENTIAL COMMODITIES ACT, 1955

The Minister of State in the Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Co-operation (Shri Annasahib Shinde): I lay on the Table a copy each of the following Notifications under sub-section (6) of section 3 of the Essential Commodities Act 1955:—

(1) The Rajasthan Foodgrains (Restrictions on Border Movement) Fourth Amendment Order, 1967, published in Notification No GSR 989 in Gazette of India dated the 29th June, 1967.

(2) GSR 1031 published in Gazette of India dated the 3rd July, 1967, making certain amendments to Notification No. GSR 1842 dated the 24th December, 1964 [*Placed in Library, See* No LT-975/67].

12.17½ hrs.

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

FOURTH REPORT

The Minister of Parliamentary Affairs and Communications (Dr. Ram Subhag Singh): I beg to move

"That this House agrees with the Fourth Report of the Business Advisory Committee presented to the House on the 10th July, 1967."

Shri Bal Raj Madhok (South Delhi) Sir, in this connection, we have suggested that besides sitting on two Saturdays, we might do away with the Lunch Hour, or, we might sit an hour late, say, up to 7 P.M., so that the Demands for Grants could be discussed, as many Demands as possible. (*Interruption*)

Mr. Speaker: I do not know The motion is now there. The Business Advisory Committee discussed all this But even at 5 o'clock, if you do not keep the quorum, I wonder if you will be able to keep the quorum after 6 P.M. I find that sometimes, except some Members who want to speak, the rest go away I do not know. If you keep the quorum, you can continue up to 7 also. Nobody objects.

श्री राम सेवक यादव :(बाराबंकी) मैं मंत्री महोदय से यह जानकारी चाहता हूं कि डा० राम मनोहर लोहिया का खर्च पर रोक के सम्बन्ध मे जो प्रस्ताव है वह कब लिया जा रहा है—इस हफ्ते या अगले हफ्ते।

Mr Speaker: That has nothing to do with this report. This is only about sitting on Saturdays and the Demands for Grants That is a separate item Next week, we shall meet again, and fix up the programme for the next week But this is only about the Demands for Grants and the extension of time for the Demands so that Demands of two more Ministries can be discussed and a third one, if possible. But the minimum is two—Education and Petroleum and Chemicals, and if possible, Steel also could be taken up. About Mr. Madhok's suggestion, if they are prepared to sit till 7 P.M., nobody objects. We shall see, Now, the question is:

"That this House agrees with the Fourth Report of the Business Advisory Committee presented to the House on the 10th July, 1967."

The motion was adopted.

*DEMANDS FOR GRANTS 1967-68—contd.

DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS—contd.

Mr. Speaker: The House will now taken up the Demands for Grants under the Department of Communications We have got a balance of 1 hour 50 minutes. Dr Ram Subhag Singh will reply roundabout 3.30 P.M. So, I think up to 3 30 we may discuss the Demands and that will be all right, I suppose Now, who was speaking yesterday?

*Moved with the recommendation of the President

An hon. Member: The Minister of State intervened and he finished.

Mr. Speaker: Mr. Rabi Rai may speak. He has got 8 minutes.

श्री रवी राय : हमारी तरफ से आर्य फरनेन्डीज का नाम गया है।

Shri S. M. Banerjee (Kanpur): We have given Mr. Sarjoo Pandey's name.

Shri S. Kundu (Balasore): Mr. Ram Charan will speak on behalf of PSP.

श्री सरजू पाण्डेय (गाजीपुर) : अध्यक्ष महोदय हम लोग जिस डिमांड के ऊपर बहस कर रहे हैं वह हमारे देश के बहुत महत्वपूर्ण विभाग से सम्बन्धित है। इस विभाग के अन्दर पोस्ट्स एंड टेलीग्राफ, वायरलेस, प्लानिंग एंड कोआर्डिनेशन, ओवरसीज कम्युनिकेशन्स, इंडियन टेलीफोन इन्डस्ट्रीज, लिमिटेड, बंगलौर, हिन्दुस्तान टेलीप्रिन्टर्स लिमिटेड, मद्रास यह पांच विभाग आते हैं। सब से पहला हमारा आरोप यह है कि यह विभाग जो जनता की सेवा इसे करनी चाहिए वह नहीं कर पा रहा है और इतना महत्वपूर्ण विभाग रहते हुए भी हमारे देश की करोड़ों जनता को इस विभाग के द्वारा परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। माननीय मंत्री जी ने जो रिपोर्ट प्रस्तुत की है उसमें इस विभाग का बड़ा गुणगान किया गया है और इसकी बहुत सारी बातों में यह दिखाने की कोशिश की गई है कि इसका काम और इसकी पब्लिक की सेवाएं बहुत अच्छी हैं। लेकिन हमारा कहना यह है कि यह विभाग जिस तरह से लोगों को परेशानियों में डालता है वह एक अजीब सी बात है जिसके ऊपर मंत्रिमंडल को ध्यान देना चाहिए। जिस तरह से सरकार की कोई नीति दूसरे विभागों में नहीं है उसी तरह से हम इस विभाग में भी देखते हैं कि सरकार की कोई नीति नहीं है। सरकार के शिक्षा विभाग को देखिए, सरकार के कृषि मंत्रालय को देखिये, सरकार के गृह विभाग को देखिये, जिस तरह से इन विभागों में कोई नीति नहीं है इसी तरह से इस विभाग में भी कोई नीति नहीं है।

मुख्य रूप से जो नीति होनी चाहिए वह यह कि डाक तार विभाग के कर्मचारियों के के लिए सुविधायें और इस तरह के हालात पैदा करना जिससे देश का अधिक से अधिक सेवा कर सकें और दूसरी नीति यह होनी चाहिए कि देश के तमाम भागों को इन की सेवाएं अधिक से अधिक प्राप्त हों। जहां तक जनता की सेवा का सवाल है अभी पिछले दिनों तीन चार दिन हुए इसी सदन के भूतपूर्व सदस्य माननीय श्री मंजू लाल जी द्विवेदी मिले थे और उन्होंने वह खत दिखलाया जो कि उस जमाने में लिखा गया था जब कांस्टीट्यूएंट असेम्बली के वह सदस्य थे और वह अब एक हफ्ता पहले उनको मिला है.....

एक माननीय सदस्य : मिल गया ?

श्री सरजू पाण्डेय : मिला 20 साल के बाद।

एक मजे शिकायत मिली है। आसनसोल के डाकखाने से 500 रुपया मनीआर्डर किया गया 1965 में। दो वर्ष हो गये लगातार विभाग को लिखते लिखते। मैं ने मंत्री जी को भी लिखा तो जैसी कि मंत्रियों की आदत है उत्तर देने की कि आपका पत्र मिला। धन्यवाद। कार्यवाही हो रही है। वैसा ही उत्तर मिल गया और मैं समझता हूं कि पूरे पांच वर्ष हो जायेंगे मगर उस मनीआर्डर का पता नहीं चलेगा कि वह रुपया क्या हुआ। इस तरह की सैकड़ों शिकायतें हैं।

टेलीफोन करते बैठिये, वहां के आपरेटर जो होते हैं काम नहीं करते। लगातार कई कई घंटे लोगों को बैठाये रहते हैं। पता नहीं चलता कि कहां क्या हो रहा है। मुझे मालूम हुआ है इलाहाबाद में एक टेलीफोन के अफसर हैं वह कई कई दिन तक दफ्तर ही नहीं आते हैं। और जब कभी आते हैं तो तीन चार सेर बकरे का मांस पकवाकर दफ्तर में ही खाते हैं। पिछले दिनों भारत अखबार में यह समाचार प्रकाशित हुआ था कि तीन चार सेर बकरे का गोश्त वही खाते हैं और तीन चार नौकर हमेशा उनकी सेवा मे रहते हैं। माननीय मंत्री जी को शर्म नही आती मुस्कराते हैं। हम को मालूम है कि वह भ्रष्ट अधिकारी है और तमाम रुपया खा रहा है। मंत्री महोदय का ध्यान उस तरफ दिलाया गया अखबार की कटिंग के द्वारा मगर उस पर कोई कार्यवाही नही हुई। मैं जानता हूं कि यह सरकार करना क्या चाहती है? उनके अफसर बैठे रहते है। कोई काम नही करते। जनता की सेवा नही करते। इनके लिए बड़ा बड़ा ... ... ती हैं। ... विभाग मे भी ... है। रेलवे बोर्ड ... ऐंड टी० डिपार्टमेंट का बड़ा ... बोर्ड है जिस में बड़े बड़े म...मच्छ बैठे हुए हैं, पूरा ... और जनता का, देश की कोई सेवा नही कर रहे हैं। जो छोटे छोटे एम्प्लायी हैं उनकी तरफ कोई ध्यान नही है। मेरे हाथ में नेशनल फेडरेशन ऑफ पोस्ट ऐंड टेलीग्राफ एम्प्लायीज यूनियन का डिमांड है। इसमे उनकी सारी डिमांड ... हुई है। पूरा एक चार्ट है। अगर मै पढूंगा तो काफी समय लगेगा। आप चाहे तो देख सकते है। कर्मचारियो के रहने के लिए क्वार्टर्स नही हैं। अहमदाबाद में आर० एम० एस० के क्वार्टर्स चाहिए 7840 और कुल 4 हजार क्वार्टर्स हैं। बाकी ... हजार बगैर क्वार्टर के पड़े हैं। इसी तरह से दूसरी और बातें हैं जिन की बहुत लम्बी लिस्ट है। साधारण कर्मचारियो के लिए रहने की जगह नहीं है। इसी तरह से और दूसरी सुविधाएं इन को सरकार नहीं देती। इनके ट्रांसफर में तरह तरह की परेशानियां होती हैं जिससे काम मफर करता है। अगर उनको सही तौर पर सुविधाएं दी जातीं जो कि सही मानों में काम करने वाले हैं, आर० एम० एस० के छोटे छोटे कर्मचारी हैं, तो वह ज्यादा अच्छा काम करते। बदकिस्मती यह है कि यह बड़े बड़े मगरमच्छ जो बैठे हैं यह सारा रुपया खा जाते हैं और बेचारे छोटे छोटे कर्मचारी अगर मांग करते हैं तो डंडे से पीटे जाते हैं। फिर सरकार यह कहती है कि कम्युनिस्टों ने इनको बहका दिया जब कि सही मानो मे गरीब एम्प्लायीज के ऊपर सरकार ध्यान नही देती। अभी मुझे मालूम हुआ कि मंत्री जी ने स्वयं इस यूनियन के लोगो से बात की। इस यूनियन के लोगों का कहना था कि ओवरसीज टेलीग्राफ कम्यूनिकेशन के कर्मचारियो के बराबर हमारी भी तनख्वाहें होनी चाहिए। और बहुत सी मांगे हैं। माननीय मंत्री जी ने कहा कि एक आदमी को नियुक्त करेंगे आर्बिट्रेशन के लिए। कितना समय बीत गया? आदमी भी सजस्ट किया लेकिन उनका मामला नही भेजा गया।

12.23 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

तो काम करने के लिए बहतर हालात पैदा किए जायें जिस मे आदमी ईमानदारी से और अच्छाई से काम कर सकें। उस की ओर मंत्री जी का ध्यान नही है। पता नही मंत्री जी को मालूम है या नही, आज भी छोटे छोटे कर्मचारी मजबूर हैं गांव के लोगो से पैसे लेने के लिए। मनीआर्डर जब गांव में आता है तो एक आना फी रुपया उनका बंधा होता है। अगर कोई नही देता है तो उसका रुपया वापस हो जाता है। इसी तरह और लाखो किस्म की छोटी छोटी परेशानियां हैं। इसके लिए एक कारण यह है कि सरकार ने उन कर्मचारियों के लिए वह हालत पैदा

[श्री सरजू पांडेय]

किए जिससे वह सही तरीके से काम कर सकें। सरकार न उनको मांगों पर ध्यान देती है न उनकी तनख्वाहों पर ध्यान देती है न और सुविधाओं पर ध्यान देती है। विभाग में जो बड़े बड़े मगरमच्छ बैठे हैं वह सारा रुपया खा जाते है। उन छोटे छोटे कर्मचारियो की तरफ कोई ध्यान नही देता।

अभी मुझे मालूम हुआ कि दिल्ली के अन्दर पोस्ट ऐंड टेलीग्राफ डिपार्टमेंट के 14 सौ आदमी हैं। चार सौ से बढ़ कर 14 सौ आदमी हो गए लेकिन उनके रहने के लिए कोई स्थान नही दिलाया गया। आज भी वह एम्प्लायीज उसी तरह पड़े हुए हैं। क्या करे? कहा जायें? तो ऐसी हालत में जो रहेगा वह देश का क्या काम करेगा और जनता की क्या सेवा करेगा? यह बात हमारी समझ में नहीं आती।

इसी तरह से कानपुर में भी मुझे मालूम हुआ आर० एम० एस० के कर्मचारी है उनके लिए कोई सुविधा नही है। न रहने के लिए घर है न और कोई सुविधा दी गई है। तो मैं मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि जो वादा करो उसको पूरा करो। अव्वल तो हा हा करने की इन लोगो की आदत है लेकिन जब लड़ाई होती है पब्लिक का काम सफर करता है, लोग परेशान होते हैं तो डंडे से दबाना चाहते हैं। मगर मैं एक बात कह देना चाहता हूं कि आज के जमाने में डंडे से काम नही चल सकता। हड़ताल होंगी अगर उनकी सही मागों पर ध्यान नही दिया जायेगा। अगर एक तरफ लोग ऊंचे महलों में रहेंगे, चार चार, छः छः हजार तनख्वाहें पायेंगे और दूसरी तरफ एक आदमी सौ रुपये पर काम करेगा तो आपका समाजवाद कैसे चलेगा? आप तो बड़ी बड़ी घोषणायें करते हैं। जरा इस पर भी ध्यान दीजिए कि इन मगरमच्छों की तनख्वाह काटकर छोटे छोटे कर्मचारियों की तनख्वाहें बढ़ाइये ताकि देश से वह उत्साह पैदा हो जाय जिस से अच्छी तरह काम कर सकें। लेकिन सिर्फ डर से या धमकी से काम चलाना चाहें तो मैं आपको यह बता दूं कि एक पुराना सिद्धान्त यह है कि दण्ड देने से अपराध नहीं रुकते। एक जमाना था जब यह आंख फोड़ने के बदले में आंखें फोड़ी गई, दांत तोड़ने के बदले दांत तोड़े गये, चोरी करने वालों के हाथ काटे गए, बाहें काटी गई यहा तक कि यूरप के देशो में पाकेटमारी के लिए फासी की सजाए दी गई और लोग ऐलान करके बुलाए जाते थे कि फला आदमी को पाकेटमारी के जुर्म मे फासी की सजा होगी, और उसी जगह जो लोग तमाशा देखने जाते थे, वहीं उनकी जेबें कटती थी। चाहे आप यूनियन को कितनी ही गालिया दे लेवें, दबाने की कितनी ही कोशिश करें और डंडे से भी पीटें लेकिन इस तरह से आप उनमे व्याप्त असन्तोष को दबा नहीं सकते हैं और इस समस्या का हल नही कर सकते हैं। अगर आप सही मायनो मे देश की सेवा करना चाहते हैं और आप चाहते हैं कि संचार विभाग का काम कुशलतापूर्वक हो और उन की सर्विसिज से जनता को आराम व सहूलियत मिले लोगो को उनके खत आदि जल्दी समय से मिलें तो आपको वहा पर ऐसे हालात कायम करने चाहिए जिनसे कर्मचारी लोग अपना काम मन लगा कर मुस्तैदी से करें।

उपाध्यक्ष महोदय: माननीय सदस्य का समय समाप्त हो गया है।

श्री सरजू पाण्डेय: बस मैं एक दो मिनट मे अपनी बात समाप्त करे देता हूं विभाग में जो बड़े अफसर लोग हैं वह मोटी मोटी तनख्वाहे लेकर ऐश व आराम कर रहे हैं। मैं आपको बतलाऊं कि इलाहाबाद के टेलीफोन विभाग के एक बड़े अफसर हैं जो वहां मजे से खूब गोश्त खाते हैं बकरा पूरा खा जाते हैं लेकिन काम धाम वह कुछ भी नही करते। अब ऐसे आलसी और ऐश व

भ्रष्टाचार में पड़े हुए अफसरों के खिलाफ सरकार अगर कार्यवाही नहीं करेगी तो इम्प्लायीज को खुद लाचार होकर कार्यवाही करनी पड़ेगी और तब आप परेशान हो उठेंगे और कहेंगे कि देखिये यह छोटे कर्मचारी कानून तोड़ते हैं। इसलिए इधर मंत्री महोदय को ध्यान देना चाहिए। हमारा पूर्वी उत्तर प्रदेश का इलाका एक पिछड़ा हुआ अविकसित और गरीब इलाका है। हालत यह है कि वहां मीलों तक कोई डाकखाना नहीं है। न उन इलाकों में टेलीफोन की व्यवस्था है और न ही कोई अन्य संचार साधन हैं। अब देखने में यह आता है कि जो मंत्री इस मंत्रालय में आता है वह पहले झट से अपने यहां डाइरेक्ट टेलीफोन लगा लेता है। पहले श्री त्यागी नारायण सिंह इस विभाग के मंत्री होते थे तो उन्होंने झट से पटना डायरेक्ट का लिंक कर लिया। अब डा० राम सुभग सिंह मंत्री हैं तो वह पटना के अलावा बिहार के और दो चार बड़े शहरों को टेलीफोन से डाइरेक्ट कनेक्ट कर देंगे। लेकिन हमारे उत्तर प्रदेश में सिर्फ लखनऊ आगरा और कानपुर के टेलीफोन से डायरेक्ट कनेक्शन यहां से किये गये हैं बाकी जिलों में ऐसी कोई डायरेक्ट डायलिंग की व्यवस्था नहीं है। मंत्री महोदय से मेरा कहना है कि उन्हें पिछड़े हुए इलाकों की तरफ ध्यान देना चाहिये। मेरा कहना है कि जो सब से ज्यादा गरीब, पिछड़े हुए और अविकसित क्षेत्र हैं उन इलाकों में संचार के साधन सुलभ करने की ओर पहले ध्यान दिया जाय ताकि वहां की जनता भी यह अनुभव कर सके कि हमारे देश में आजादी आई है और यह कि हम आजाद हैं।

उपाध्यक्ष महोदय मैं आपको ऐसे गांव दिखा सकता हूं जहां महीनों तक डाक नहीं पहुंचती है। वहां डाक की पहुंचाने व बांटने की कोई व्यवस्था नहीं है। मैं चाहता हूं कि पिछड़े हुए इलाकों में डाक की समुचित व्यवस्था की जाय।

जो विभागीय कर्मचारी हैं खास कर कम वेतन पाने वाले छोटे कर्मचारी उन की सुविधाओं की ओर ध्यान दिया जाय और उनकी मांगों पर मंत्री महोदय को सहानुभूति पूर्वक विचार करना चाहिए। मंत्री महोदय को अगर ज्यादा नहीं तो कम से कम जो आश्वासन उन्होंने दे रखे हैं उन्हें पूरा करने की कोशिश करें। मंत्री महोदय को इन मगरमच्छ महात्माओं से सचेत रहना चाहिए। यह मगरमच्छ इस पूरे देश को खाये जा रहे हैं रेलवे विभाग में रेलवे बोर्ड रूपी मगरमच्छ सारी रेलवे की आय को खाते चले जा रहे हैं और अगर मंत्री महोदय समय रहते न चेते तो पी० एंड टी० में भी जो मगरमच्छ मौजूद हैं वह इधर भी चट कर जायेंगे और इतना ही नहीं यह सरकार को भी खा जायेंगे। इसलिए मेरा मंत्री महोदय से अनुरोध है कि वह जरा गम्भीरता से इस विषय में सोचें और देश की आर्थिक अवस्था को सामने रखते हुए विशेष सतर्कता व सावधानी से अपने विभाग के काम को चलायें और जैसा मैंने कहा उन्हें विशेषकर छोटे कर्मचारियों को सुविधा देने व गरीब अविकसित व पिछड़े हुए इलाकों में संचार व्यवस्था सुलभ करने की ओर अपना ध्यान लगाना चाहिए।

Shri D. C. Sharma (Gurdaspur): Mr. Deputy Speaker, I feel very happy when I am asked to speak on this Ministry, because it is a Ministry of the people, for the people and it is also presided over by a gentleman whom I may call as the man of the people. Therefore, I think that this is one of the few Ministries in the Government of India which reaches every hamlet, every home, every city every village and gives service to millions of people in this country. I wish other Ministries were also so extensive in the field of their work as this Ministry is. I wish that other Ministries also were so careful about the needs of the common man as this Ministry is.

When I look through the Report I find that during the year under review 5,890 million postal articles, 44.3

[Shri D. C. Sharma]

million telegrams and 58.1 million trunk calls were dealt with. The number of post offices rose from 9,60,895 to more than 19 lakhs and the number of telephones from 7,66,342 to 8,57,822. I think this is a very sizable record of work done and I think anybody can feel happy about registering this kind of progress in the services which are rendered to the people.

But India is a very big and vast country, inhabited by so many crores of people and whenever anyone of us goes to his constituency the first question that is put to him is this. "Can our extra departmental post office be upgraded to a branch post office" or "will it be possible to have this branch post office upgraded to a sub post office" and so on and so forth Every village in this country wants a post office, a hospital, a school and a panchayat ghar. So, I would say that the Government of India would be winning the hearts of the people and also enlisting their affection if they were to spend more money on the Ministry of Communications. I wish that the budget for this Ministry should be increased two-fold so that no village remains without a post office and no village remains without those services which we need very much in free India today.

I know that during the First, Second and Third Plan much good work has been done by this Ministry There is no doubt about it, but, as I have already said, the demands are so many and the fulfilment of them is not adequate to the number of calls made on this Ministry. Therefore, my first point is this. This is a Ministry which serves the common man, the illiterate and the highly educated, the officer, men, the ignorant men, the educated peon, orderly, class 1 and class 4 people Therefore, for making its services more widespread, the budget of this Ministry should be raised two-fold so that it can go to those places where it has not gone now. For instance, I know of some backward areas and, unfortunately, I represent some backward areas in my constituency. In those backward areas the postal conveniences are not as plentiful as they should be. At one time my constituency was known as Narod Jamal Singh. It is a backward area, always affected by floods. You will be surprised to hear that the constituency called Narod Jamal Singh had only a branch post office Whenever I have gone there, people have clamoured for having a sub post office. Therefore, while I want that all these cities should have as many services as possible—trunk-dialling, three postal deliveries every day, express letter service and telegraphic money order service—I would ask the hon. Minister to take a survey of the backward areas in this country and then try to do something for them so that the backward areas are at least supplied with those essential services which are needed by our countrymen.

Will that happen? I think it can happen. I think the Planning Commission may have already made a survey of the backward areas and if you look at the pigeon holes of the Planning Commission you will find some survey of the backward areas lying there After having done that, during the Fourth Plan the hon Minister should give post offices, branch post offices to those backward villages and backward areas.

I also want to submit to the hon Minister that these extra-departmental post offices are an anachronism. They are reminiscent of the British Empire. They are relics of colonialism. They are remnants which have been left behind by those persons who were at one time our masters. Extra-departmental post offices should be abolished and in their place

Mr. Deputy-Speaker: Only two minutes more.

Shri D. C. Sharma: How many minutes will you give me?

Mr. Deputy-Speaker: In all ten. I am giving you one or two minutes more

Shri D. C. Sharma: All right.

My third point is about the P&T Board. When the P&T Board was formed I welcomed it. I remember my hon. and esteemed friend, Dr. Subbarayan, piloting the Bill for the P&T Board. I used to call him my brother and he was very affectionate towards me. I revere his sacred memory.

This P&T Board, I should say, is neither fish nor flesh nor fowl. I would submit very respectfully that the P&T Board should be modelled on the Railway Board. It should become a real executive arm of the Ministry of Communications; it should become a real instrument for carrying out the policies of the Ministry. What I find is that it has no power It only has a kind of advisory capacity. It can only suggest and indicate things. It can only meet once a while—twice or three times a year—and can take some decisions which are not very relevant, very important or very valid.

Mr. Deputy-Speaker: Now the hon. Member's time is up.

Shri D. C. Sharma: One or two minutes more and I will sit down. I think, you are very hard upon me today. I am used to the hardness of people; therefore, I do not mind it.

My next point is that the lot of the employees of the Railway Mail Service should be improved They have to work under very exacting conditions. Now that the law and order situation in the country is not so helpful as it used to be, some of these Railway Mail Service men have to bear the brunt of those persons who are law breakers. You might have heard that some of them lost their lives and that they were dealt with in a way which was inhuman. I would, therefore, say that the RMS people, who have to do night duty and who are really the kingpin of the postal services, should be given better salaries, better amenities and better protection.

Now I want to say something about telephones because I telephone to you also sometimes. I must congratulate the Government of India for the excellent arrangements that they made for us when we were fighting our elections. I must say that the arrangements in the Punjab were such as could not be improved upon and we all felt very happy. But when you come to Delhi and when you go to some other city, you find that half the telephone calls that you get are for a wrong number, 25 per cent of the calls that you get are meant for some other person, 15 per cent of the calls that you get are for some person who is not living in Delhi but in some other place and only 10 per cent of the calls are real calls. I, therefore, think that the telephone service must be improved. That can be improved only if you have telephone exchanges in every sizable town which has a population of 10,000 people. Every town in India, which has a population of 8,000 to 10,000 people, must have a public call office and, at the same time, the telephone exchange in Delhi must be strengthened so far as the mechanism is concerned, so far as the telephone operators are concerned and so far as the amenities of life for these persons are concerned.

Moreover, I would say that so many persons come to me and say that some of the women are sometimes put on night duty. I would ask the hon. Minister not to have women on night duty.

The last point—and I would speak only one sentence—is that when I go to a place or a city, I see the building of a school and I feel happy; I see a temple, a mosque or a gurudwara and that thrills me; but whenever I go to a place and I find a new building put up for the post office, I feel happy that it is a symbol of modern and free India. But I would say that in addition to the building for the post office the hon. Minister should also have what you may call quarters for the people who work there. I think, he must make a survey of this also. He must have a phased programme so that all the postal employees, from the postman up to the postmaster, have

[Shri D. C. Sharma]

their own places to live in and can have all those amenities of life which you and I enjoy

श्री राम चरण (खुर्जा) उपाध्यक्ष महोदय, खत का मजमून जान जाते है लिफाफा देख कर। आजादी के बीस साल बाद और कांग्रेस की बीस सालो की हुकूमत को देखने के बाद हमे पता लग जाता है कि जब के हम डिपार्टमेंट मे आजादी मिलने से पहले एफिशिएन्सी थी लेकिन आजादी मिलने के बाद जसे और डिपार्टमेंट्स मे इनएफिशिएन्सी बढ गई है उसी तरह से इस पी० एन्ड टी० डिपार्टमेंट मे भी बढ़ गई है। इस मे जो इनएफिशिएन्सी बढ़ी है उस की वजह यह है कि जो हमारे यहां ब्यूरोक्रेटिक टाइप का ऐडमिनिस्ट्रेशन है उस मे आप आफिसर्स को फैसिलिटीज देते हैं, फर्स्ट क्लास ऐकोमोडेशन देते हैं। एयर कंडिशन्ड आफिसेज देते है, लेकिन एक पोस्टमैन जो सारे दिन घूमता है उसको खादी की वर्दी मिलती है। पहले उसको बढ़िया यूनिफार्म मिला करती थी लेकिन अब खादी की मिलती है, जिसको पहन कर वह डाक बाटता है। उस के पास कोई प्रोटेक्शन नही है। धूप और सर्दी से। पोस्टमैन को क्लास तीन कहा जाता है लेकिन उस को तन्ख्वाह दी जाती है वह 75 से 95 तक ही है जो कि क्लास 4 की है।

इसी तरह से आप के यहा वायरमैन होते हैं उन को भी क्लास 3 ट्रीट किया जाता है लेकिन स्केल आफ पे क्लास 4 का दिया जाता है। मेरा मंत्री जी से अनुरोध है कि अगर उन्हे क्लास 3 ट्रीट किया गया है तो कम से कम क्लास 3 का जो स्केल है 110 से 150 तक उसमें उनको रखना चाहिये या इस के बीच मे रखना चाहिए ताकि उसमे एक सम्मान पैदा हो कि उन्हें क्लास 3 का ग्रेड मिला है।

इस के अलावा जो आप के यहां एक्स्ट्रा डिपार्टमेंटल पोस्ट आफिसेज हैं, जो कि एक पुराना रिवाज चला आ रहा है, वह गाव मे खोले जाते हैं। उस पोस्ट आफिस में जो आदमी काम करता है उस को 30 रु० महीने मिला करते हैं। पहले भी इतने ही मिलते थे और अब जब कि महंगाई इतनी बढ गई है तब भी वही 30 रुपये मिल रहे हैं। इसका मतलब यह हुआ कि वह सारा वक्त काम में गुजारता है लेकिन उस को कोई बेनिफिट नही मिलता है। इस लिये मेरा अनुरोध है कि जिस तरह से महगाई बढ़ी है उसी तरह से 30 रुपये के बजाय उसकी तीन गुनी तनख्वाह उस को मिलनी चाहिये। अगर इतना न भी दें तो कम से कम 60 रुपया तक मिलना चाहिए।

Shri Sonavane (Pandharpur) It should be abolished, It should not be given new life

श्री राम चरण : कट्रेक्ट बेसिस पर उन्हे रख छोडा है। या तो उनको अबालिश कर दिया जाय या कम से कम तीन गुनी अथवा दो गुनी पे दी जाय जिससे वह कुछ अपना काम चला सके और गरीब किसानो और जो दूसरे देहात के अनपढ़ आदमी हैं वे उनकी चिट्ठिया पढ़ सके। मैं अर्ज करना चाहता हू कि उन लोगो को अच्छी पे दी जाये, ताकि वे देहात के अनपढ़ लोगो के मनीआर्डर और चिट्ठिया वगैरह लिख सकें।

एक कैटेगरी माली की है। इस विभाग से सब कर्मचारियो को यूनिफार्म दी जाती है, लेकिन उसको यूनिफार्म नही दी जाती है, हालाकि वह बेचारा मिट्टी मे काम करता है। आखिर उसने क्या गुनाह किया है। उस को यूनिफार्म दी जानी चाहिए।

चौकीदारो को छुट्टी नही मिलती है। मैं निवेदन करना चाहता हू कि जिस तरह रेलवे विभाग मे लीव रिजर्व बनाया हुआ है, उसी तरह पी० एण्ड टी० में भी छुट्टी के लिये आदमी रखे जायें।

यूनिफार्म में जरूर सुधार होना चाहिए, क्योंकि बाहर की यूनिफार्म रखने से खादी और ग्रामोद्योग कमीशन को तो फायदा हो सकता है लेकिन उससे पोस्टमैन का प्रेस्टेज नहीं बढ़ता है। वे लोग मजबूरी में इसको पहनते हैं। जो मार्डन टाइप के पोस्टमैन हैं, वे तो इसको इस्तेमाल नहीं करते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि रेलवेज की तरह पोस्टमैन का भी अच्छी क्वालिटी की ड्रिल प्रोवाइड की जाये, जिससे उनमें आत्म सम्मान की भावना बढ़े।

महंगाई भत्ते के सवाल को लेकर पी० एंड टी० डिपार्टमेंट में बड़ा असन्तोष फैला हुआ है। अफसरों को तो इसकी कोई फ़िक्र नहीं है, क्योंकि जब उनका डी० ए० बढ़ता है, तो वह सेविंग एकाउंट में जाता है, लेकिन जब क्लास थ्री और फोर का डी० ए० बढ़ता है, तो उस से उन लोगों का रोटी का गुजारा चलता है। वे लोग आम तौर पर कर्ज लेकर काम चलाते हैं। अगर उनको डी० ए० मिल जाये, तो वे कर्ज से बच सकते हैं। जरूरत इस बात की है कि आफिसर्ज का डी० ए० न बढ़ाया जाये और सिर्फ 400 रुपये से कम वेतन पाने वालों का वेतन बढ़ाया जाये। बल्कि अफसरों का डी० ए० काट कर नीचे के कर्मचारियों का डी० ए० बढ़ाया जाये।

ट्रंक-काल के रेट बढ़ाये जाने से लोगों को बड़ी परेशानी हो रही है। मैं उदाहरण देना चाहता हूं कि खुर्जा से बुलन्दशहर ग्यारह मील है और उसके ट्रंक-काल चार्जिज 1 रुपया 70 पैसे हैं, जब कि बस का किराया 1 रुपया 20 पैसे है। अगर पी० पी० काल करें, तो चार्जिज 2 रुपये 20 पैसे बन जाते हैं। इस तरह चार्जिज के बढ़ाये जाने से टेलीफोन के विस्तार में रुकावट पड़ती है, क्योंकि लोग सोचते हैं कि टेलीफोन से बात कर के ज्यादा पैसे क्यों दें, क्या न खुद ही बस से चले जायें। इस लिए पचास मील से नीचे के ट्रंक-काल चार्जिज एक और दो रुपये के बीच होने चाहिए, ताकि लोगों को टेलीफोन का इस्तेमाल करने की आदत बढ़े और रेवेन्यू में भी वृद्धि हो।

पहले क्लास फोर के कर्मचारियों के प्रोमोशन के लिए डिपार्टमेंटल एग्जामिनेशन हुआ करता था, जिसमें शिड्यूल्ड कास्ट का रिजर्वेशन भी मुकर्रर था इस प्रकार शिड्यूल्ड कास्ट्स के दो चार आदमियों का प्रामोशन हो जाता था। लेकिन अब शिड्यूल्ड कास्ट्स रिजर्वेशन को खत्म कर दिया गया है, ताकि सर्विसिज में उनका परसेंटेज कम हो जाये। क्लास 3 में शिड्यूल्ड कास्ट्स का रिजर्वेशन लगभग 8 परसेंट है। उसको पूरा न होने देने के लिये एडमिनिस्ट्रेशन ने डिपार्टमेंटल एग्जामिनेशन के जरिये प्रोमोशन में रिजर्वेशन को खत्म कर दिया है। मैं चाहता हूं कि उस में शिड्यूल्ड कास्ट्स के रिजर्वेशन को रेस्टोर किया जाये, ताकि क्लास फोर के कर्मचारियों को कुछ उत्साह मिले और अगर उन्होंने हाई स्कूल या इन्टर पास किया है, तो उनको कुछ प्रोमोशन मिल सके।

पंजाब के टुकड़े करके पंजाब और हरियाणा के दो प्रदेश बना दिए गए हैं और हिमाचल प्रदेश को अलग कर दिया गया है, लेकिन पी० एंड टी० सर्कल को अभी तक अलग नहीं किया गया है। इस लिए तीनों स्टेट्स में अलग अलग सर्कल सेट-अप किये जायें।

श्रीमती जयाबेन शाह (अमरेली) उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी आभारी हूं कि आप ने मुझे समय दिया। मैं कुछ डिफीकल्टीज की तरफ मंत्री महोदय का ध्यान खींचना चाहती हूं।

[श्रीमती जयाबेन शाह]

इस विभाग के द्वारा एक नई प्रथा आरम्भ की गई कि ट्रंक-काल के बिलों में शहर का नाम और डेट को एलिमिनेट कर दिया गया है। सारे देश में यह मांग की जा रही है कि नई प्रथा से लोगों को बहुत तकलीफ़ होती है और इस लिए इस के बारे में विचार किया जाना चाहिए।

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : यह बात कल मान ली गई थी।

श्रीमती जयाबेन शाह : थैंक यू। यह सुन कर मुझे बड़ा आनन्द है। आज हमारे देश के देहाती लोगों में जागृति आ गई है और वे चाहते हैं कि उन के यहां पोस्ट आफ़िस टेलिग्राफ आफ़िस और टेलिफोन आदि की व्यवस्था हो, लेकिन इस सम्बन्ध में इमर्जेंसी का कारण पेश कर दिया जाता है। मैं निवेदन करना चाहती हूं कि पोस्ट आफ़िस का छोटा सा मकान बनाना कोई लक्सरी नहीं है। जब दूसरी बड़ी बड़ी इमारतें आदि बनाई जा रही हैं, तो फिर पी० एंड टी० विभाग में इमर्जेन्सी को बनाए रखने में कोई औचित्य नहीं है। इस को जल्दी से जल्दी उठा लिया जाना चाहिए।

जहां तक ट्रंक-काल्ज के बिलों का सम्बन्ध है, उन के पैसे तो सम्बद्ध स्थानों से वसूल कर लिये जाते हैं, लेकिन अगर किसी बिल में कोई भूल हो, तो उसका सुधार करने के लिये दिल्ली से लिखा-पढ़ी करनी पड़ती है। इस प्रकार अगर कुछ देर हो, इससे लोगों को बहुत तकलीफ़ होती है।

श्री इ० कु० गुजराल : यह बात भी मान ली गई है।

श्रीमती जयाबेन शाह : केवल मान लेना ही काफ़ी नहीं है। डिपार्टमेंट को इसके अनुसार कार्य करने के लिए भी कहा जाना चाहिए।

जो डिवीजनल एडवाइजरी कमेटी और जोनल एडवाइजरी कमेटी बनी हुई है, उन की पावर्ज बिल्कुल नहीं के बराबर हैं। अगर इन कमेटीज को बनाए रखना है, तो इनको ज्यादा पावर्ज दी जायें, वर्ना इनको खत्म कर दिया जाये। वर्तमान स्थिति में इनसे कोई फायदा नहीं है। मैं गुजरात की एडवाइजरी कमेटी में हूं। मेरा अनुभव है कि इस वक्त ये कमेटीज बेकार हैं। अगर इनको रखना है, तो इनको ज्यादा पावर्ज दी जाये, ताकि मेम्बर कुछ काम कर सकें।

पी० एंड टी० विभाग के कर्मचारियों के लिए मकान आदि सुविधाओं की जो मांग की जाती हैं, वह तो ठीक है, लेकिन इस विभाग को जनता की आवश्यकताएं पूरा करने की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। आज यह विभाग देश के कोने कोने में फैला हुआ है। आज पहले की स्थिति नहीं है कि केवल बड़े बड़े शहरों में ही लोग पोस्ट आफ़िस और टेलीफ़ोन आदि की सुविधायें चाहते हैं। आज यह विभाग लोगों की मांगों के मुताबिक काम नहीं कर सकता है और मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि उसके दिल में इसकी इच्छा भी नहीं है। पंचायती राज स्थापित होने के कारण गावों में काम बढ़ा है और वहां के लोग इस विभाग से कई प्रकार की सुविधा चाहते हैं। विभाग की ओर से कहा जाता है कि सामान नहीं है, इमर्जेन्सी है। कई के बहाने बनाये जाते हैं, लेकिन लोगों को सुविधायें नहीं दी जाती हैं। मैं प्रार्थना करना चाहती हूं कि इस सम्बन्ध में जो दिक्कतें और बाटलनेक्स हैं, उन को हटाया जाये और लोगों की मांगों को जल्दी से जल्दी पूरा किया जाये।

श्री यमुना प्रसाद मण्डल (समस्तीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका बड़ा आभारी हूं कि आपने मुझे समय दिया, ताकि मैं संचार विभाग की मांगों और संचार सम्बन्धी समस्याओं के बारे में अपने विचार प्रकट कर सकूं। जैसा कि श्री डी० सी० शर्मा ने कहा है, इस विभाग के द्वारा इलैक्शन के दौरान बड़ा संतोषप्रद काम किया गया है। संचार विभाग के सब कर्मचारियों ने बड़े उत्साह और तत्परता से काम किया है। इस बारे में एक छोटी सी पुस्तिका प्रकाशित की गई है। उस पुस्तिका से सारी बातों का पता नहीं चलता है, लेकिन हम लोगो को और करोड़ो लोगो को. . .

Mr. Deputy-Speaker: He may resume his speech after Lunch.

13 hrs.

The Lok Sabha adjourned for Lunch till Fourteen of the clock.

The Lok Sabha reassembled after Lunch at Four Minutes past Fourteen of the Clock.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

DEMANDS FOR GRANTS—contd.

DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS—contd.

Mr. Deputy-Speaker: We shall now take up further consideration of the Demands for Grants under the control of the Department of Communications.

Shri Yamuna Prasad Mandal may now resume his speech.

श्री यमुना प्रसाद मण्डल : उपाध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि गत वर्ष चतुर्थ आम निर्वाचन के समय जब जनता एक बहुत बड़े काम में जूझी हुई थी संचार विभाग के कार्यकर्ताओं ने बड़ी दृढ़ता से और बड़ी ईमानदारी से काम को निभाया और जहां प्रजातन्त्र की परिपक्वता की परीक्षा थी वहां संचार विभाग के कार्यकर्ताओं की भी बड़ी परीक्षा हुई। उसमें वे सफल निकले और केवल सफलता ही उन को नहीं मिली देश के बड़े बड़े लोगों और जनता ने यह दाद दी कि संचार विभाग के लोगों का काम बड़ा अच्छा रहा। इतना ही नहीं उन लोगों का यह 'मोटो' रहा है : "अहर्निशं सेवामहे।" जो दिन रात सेवा करने वाले हैं उनका यह केवल 'मोटो' ही नहीं है बल्कि वह सचमुच दिन रात अच्छे बुरे हर समय में जाड़े गर्मी बरसात हर मौसम में काम करते रहते हैं। परन्तु जो कार्यकर्तागण निम्न स्तर पर कार्य करते हैं उनकी दशा को देखेंगे तो पता लगेगा कि चतुर्थ श्रेणी के लोगों के साथ अच्छा सलूक नहीं किया जा रहा है। मैं मन्त्री महोदय से कहूंगा कि आप कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। भुवनेश्वर कांग्रेस के बाद आपने यह निश्चय किया था कि हम समाजवाद की ओर चलेंगे। समाजवाद की ओर जाने में पहले ऐसे निम्न वर्ग के लोगों की अवस्था को भी सुधारने की ओर आपने कुछ काम अवश्य किया है। लेकिन और बहुत काम करने की आवश्यकता है जिससे चतुर्थ श्रेणी के, तृतीय श्रेणी के कार्यकर्ताओं को, सचार विभाग में कार्य करने वालों को और भी अधिक सुविधा मिले। अगर थोड़ी भी सुविधा उन को रहने की, कार्य करने की मिले तो वह और अच्छा काम कर सकते हैं। आपने एक भी अच्छा उच्च या उच्चतर विद्यालय उनके बच्चों के लिए नहीं खोला है। कुछ डिस्पेंसरियां औषधालय तो कहीं कहीं खोले हे मगर उच्च विद्यालयों के बारे में आप को ध्यान देना होगा। यह ठीक है राज्य सरकार यह काम कर रही है। शिक्षा का काम राज्य सरकार के ऊपर है। मगर आप की भी जवाबदेही है। जिस तरह आप रेलवे में देखते हैं रेलवे बोर्ड की तरफ से रेलवे के स्कूल्स खोले जाते हैं और हर तरह की सुविधाएं दी जाती हैं उसी तरह पी० एण्ड टी० बोर्ड की तरफ से भी संचार विभाग की ओर से भी उन लोगों के हितों की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए जिन के हितों की ओर बहुत कम ध्यान दिया जाता है।

[श्री यमुना प्रसाद मण्डल]

मुझे तो कभी कभी ऐसा लगता है कि जो कम यूनियन बनाते हैं जो कम संगठन रखते हैं आपस में सरकार उनका ध्यान कम रखती है। अगर वे लोग ज्यादा जोरो की आवाज लगायें तो उनकी सुविधाओ की ओर ध्यान देंगे। यह बात सही है कि उन्हे और भी संगठन करना है। यदि वे और उनकी यूनियन्स मजबूत नही होगी उन की आवाज बुलन्द नही होगी तो फिर सरकार की तरफ से ध्यान भी उन्हे कम मिलेगा। पिछले बीस वर्षों मे बहुत कुछ हुआ है। मगर यह इतना विशाल देश है इतना महान् देश है और अभी हमे बहुत कुछ करना बाकी है। इसलिए मैं यह कह रहा हू।

कल गुजराल साहब राज्य मन्त्री सचार विभाग कह रहे थे कि दो परसेंट टलीफोन हम शहरो को देगे तो मैं मन ही मन सोच रहा था कि आखिर साढे पाच लाख गावो के लोगो की तरफ भी उनका ध्यान जाना चाहिए। आपने एक्स्ट्रा-डिपार्टमेंटल पोस्ट आफिसेज खोले हैं। उसमे जो कार्यकर्त्ता रखे हैं वे पुराने लोग हैं। गाव के पुराने जो लोग है जिनका काफी आधिपत्य है आर्थिक रूप से आप उन्हे 30 रुपया देते है वह उसकी परवाह नही करते। केवल लोगो पर एक प्रभाव डालने के लिए वह डाक बाबू बने हुए हैं। वहा पर आप को एक नया दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। आपका काम इतना बढता जा रहा है। एक्स्ट्रा डिपार्टमेंटल पोस्ट-आफिसेज आप खोलते जा रहे है बहुत शीघ्रता से खोलते जा रहे हैं। सारा देश देख रहा है कि यह एक शुभ लक्षण है। मगर जिन के हाथ मे वह काम देते है वह ठीक से कर नही सकते हैं। यह मैं नही कहता कि शत प्रतिशत लोग ऐसे ही है। मगर चूकि यह पुरानी परिपाटी है पुराने लोगो के जिम्मे आप ने यह काम दिया है वह जान बूझ कर गाव के लोगो के साथ इन्साफ नही करते। दस दस बीस बीस दिन तक मनीआर्डर के रुपया उनके पास रह जाता है। गरीब मजदूर जो बडे बडे शहरों में काम करते हैं व जो पैसा (एम० ओज) भेजते हैं वह पैसा (मनीआर्डर) भी ठीक समय पर उनके घर वालो को नही मिल सकता। वह आवाज भी नही उठा सकते क्योकि गाव के बड़े प्रभावशाली आदमी (डाक बाबू) के हाथ में वह काम है।

इसलिए मैं कह रहा था कि अर्बनाइजेशन होने की वजह से, शहरीकरण होने के कारण संचार की सारी सुविधाएं इधर ही मिलती हैं। गावो मे भी थोडी यह सुविधा अधिक दी जायगी और उसे सुधारा जायेगा तो गावो मे भी सचार की रोशनी आयेगी। मैं सचार विभाग के बडे मन्त्री तथा जो कांग्रेस के एक बडे नेता डा० राम सुभग सिंह हैं उनसे कहूगा कि सन् 1969 मे हम लोग गाधी शती मनाने जा रहे हैं तो यह विशेष कर गावो मे डाक व सचार आदि की सुविधा पहुचाने का एक खास प्रोग्राम हाथ मे लिया जाना चाहिए

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य का समय समाप्त हो रहा हैं।

श्री यमुना प्रसाद मण्डल : बस मैं एक, दो मिनट मे अपनी बात समाप्त कर रहा हू। मैं कह रहा था कि गावो मे पोस्ट आफिस की व्यवस्था करने की तरफ खास तौर पर मन्त्री महोदय को ध्यान देना चाहिए। यह खुशी का विषय है कि आप ने कही कही पर यह व्यवस्था की है लेकिन जैसा कि प्रो० शर्मा जी ने कहा मैं बैकवर्ड एरियाज मे यह सुविधा सुलभ करने के लिए खास तौर से कहना चाहूगा। पिछडे क्षेत्रो मे संचार व्यवस्था की ओर विशेष कर ध्यान दिया जाय उदाहरणार्थ भारत-नैपाल सीमावर्ती क्षेत्र मे सचार की सुविधा विशेष कर प्रदान की जायें। आपने ऐसे 10–20 पोस्ट आफिसेज खोले अवश्य हैं मगर उनमे जो विभिन्न प्रकार की व्यवस्था होनी चाहिए वह मौजूद नही है। फण्ड्स की कमी है उसे हम लोग महसूस करते हैं लेकिन विदेशो से भी आप के कई तरह के

एग्रीमेंट्स (आर्थिक सहायता) हो रहे हैं और इसलिए मैं तो यही कहूंगा कि ऐसे पिछडे इलाकों की ओर अवश्य ध्यान दिया जाय।

सन् 1959 तक एयरमेल सर्विस की व्यवस्था थी और हवाई जहाज से सब तरफ पत्र आदि भेजे जाते थे और यह स्वर्गीय किदवाई साहब के जमाने की बात है। लेकिन उसके बाद हो सकता है ऐयरोड्रोम की गडबडी की वजह से या और किन्हीं कारणो से यह एयरमेल सर्विस का काम आपने छोड दिया और अभी आप केवल मद्रास, बम्बई और कलकत्ते आदि डाक ऐयर से भेजते हैं। वैसे अब तो अनेको बडे बडे शहरो मे ऐयरोड्रोमस की माकूल व्यवस्था हो गई है और आप यदि चाहे तो फिर से बडे पैमाने पर ऐयरमेल सर्विस चला सकते है ताकि ज्यादा नही तो कम से कम भारतवर्ष के विभिन्न राज्यो की 17-18 राजधानियो से यहां से ऐयरमेल सर्विस चालू हो जाय। इसके लिए यदि आवश्यकता समझे तो ऐयर इडिया मे आप एक ऐसा एग्रीमेंट कर ले ताकि शीघ्रता से हवाई जहाज से डाक भेजी जाये और ऐसा होने से एक-दिन के भीतर ही आप पटना से यहा डाक की डिलीवरी कर सकते हैं। यह एक ऐसा गम्भीर प्रश्न है कि आप को इसकी ओर ध्यान देना चाहिए।

डिस्लोकेशन आफ पोस्टल कम्युनिकेशस के बारे मे मन्त्रालय की रिपोर्ट मे पेज 33 पर चर्चा की गई है। मन्त्रालय को उधर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए खास कर बाढ वाले क्षेत्रो मे। रिपोर्ट के 33वें पन्ने से उन स्टेशन्स के नाम दिये गये है जहा बाढ के कारण पोस्टल सर्विस मे बाधा उत्पन्न हुई है खास कर हमारे क्षेत्र मे डिस्लोकेशन बहुत होता है। हर साल रिपोर्ट मे उसकी चर्चा आती है कि वहा पर डिस्लोकेशन हो गया। इस डिस्लोकेशन को रोकने की आप की ओर से कोशिश होनी चाहिए क्योंकि प्रीवेंशन इज बेटर दैन क्योर।

मेरा मत है कि यह पी० एण्ड टी० बोर्ड एक आटोनमस बौडी होनी चाहिए और इस सदन के अधिकांश सदस्य चाहते हैं कि उसे काफी ताकत मिलनी चाहिए ताकि वह कुशलतापूर्वक और तेजी के साथ अपना काम अंजाम दे सके। रेलवे बोर्ड के बाद यह पी० एण्ड टी० बोर्ड का ही स्थान आता है और इसलिए इन सब बातो पर ध्यान रखना चाहिए ताकि देश में सचार व्यवस्था और द्रुतगति से आगे बढे।

श्री जार्ज फरनेन्डीज (बम्बई दक्षिण) : उपाध्यक्ष महोदय, जो रपट गये साल की मैंने पढी है पोस्ट एण्ड टेलीग्राफ के कामकाज के बारे में उससे यह मालूम हुआ कि इस वक्त हमारे मुल्क मे करीबन 1 लाख पोस्ट आफिस हैं और 12500 टेलीग्राफ आफिस हैं। एक हमेशा की चालाकी हमारी सरकार आंकडेबाजी में जो चलाती है वह चालाकी की कोशिश पोस्ट आफिस के आकड़ों के बारे में भी इस रपट में करने में आई है। यह बताने में आया है कि हर एक 13 वर्गमील के लिए एक पोस्ट आफिस है हिन्दुस्तान मे और हर 4500 लोगो के लिए एक पोस्ट आफिस है। मैं समझता हू कि मन्त्री महोदय इस बात को इकार नही करेंगे कि जो 5 लाख देहात हैं, गाव हैं उन गावो मे से शायद करीब करीब तीन चौथाई गावो मे अभी तक कोई भी पोस्ट की सुविधा पहुच नही पाई है। कहीं तीन दिन मे एक बार पोस्टमैन पहुंच सकता है तो कही 7 दिन में एक बार पहुंच पाता है। ऐसी हालत में हमारे कई जिलो मे कई गावो में कई इलाको मे आज भी चल रही है। बम्बई जैसे शहर में 200 वर्गमील के ऐरिया मे यह हो सकता है कि 60-70 पोस्ट आफिस लगाये हो। थाना जिले में जहा आदिवासियों की काफी संख्या है, काफी ऐसे गाव हैं जहा किसान रहा करते हैं वहां 1000 वर्गमील के लिए या 2000 वर्गमील के लिए 20 पोस्ट आफिस हैं मगर जब उस का ऐवेज निकाल कर मुल्क

[श्री जार्ज फरनेन्डीज]

के सामने सरकार रखती है तब यह आंकड़े-बाजी रक्खी जाती है अर्थात् 13 वर्ग मील के लिए एक पोस्ट आफिस हो सकता है। इस जाल में फंसाने के काम में सरकार को कामयाबी मिलती है। यह बात नहीं भूली जानी चाहिए कि 20 साल की आजादी के बाद इस मुल्क के करोड़ों लोगों तक अभी तक पोस्ट आफिस की सुविधा ठीक ढंग से पहुंचाने में इस सरकार ने कामयाबी नहीं पाई है। मैं आज यह मांग सरकार से करना चाहूंगा कि साल भर में हो सकता है कि योजना पूरी न हो जाय लेकिन दो साल या तीन साल की कोई ऐसी योजना तत्काल बनने में आ जाय कि जिससे ऐसा कोई भी काम न रहे हिन्दुस्तान में जहां अगर पूरे वक्त के लिए खुला रखने वाला पोस्ट आफ़िस न हो लेकिन रोज एक घंटे या आध घंटे के लिए काम करने वाला पोस्ट आफिस बन जाय तो यह चीज असम्भव नहीं है क्योंकि मैं समझता हूं कि सरकार का कोई न कोई खाते का सम्बन्ध हिन्दुस्तान के 5 लाख गावों से जरूर हुआ करता है। जब सरकार का सम्बन्ध हर एक गाव से इस वक्त है तो मामला एक ही रह गया कि पोस्ट एण्ड टेलीग्राफ़ डिपार्टमेंट को सरकार के उस डिपार्टमेंट से सम्बन्ध जोड़ना चाहिए कि जिससे हर एक गाव में पोस्ट आफिस के तत्काल खोलने की व्यवस्था करने में आ जाय। अगर पूरे वक्त काम करने वाले आदमी की किसी जगह आवश्यकता न हो तो कोई मन्दिर, मस्जिद या कोई स्कूल लेकर, ऐसी किसी भीगज ह पर जहा जिम्मेदार आदमी उस गाव के हो उनके जरिए यह पोस्ट आफिस का काम इन इलाको में जब तक आप एक पक्का पोस्ट आफिस नहीं बना सकते हैं तब तक इस तरह से किया जाय। यह एक ठोस सुझाव मुझे सरकार को पोस्ट आफिस के बारे में देना था।

अब यह टेलीफोंस वाला मामला है जो कि इससे ज्यादा गम्भीर है। गम्भीर इस दृष्टि से है चूंकि यह शहरी मामला है और रोज के व्यापार और व्यवसाय से इसका सम्बन्ध रहता है। पता नहीं कितने लाख लोगों का नाम अभी तक टेलीफोन के लिए वेटिंग लिस्ट में पड़ा है और वह नम्बर रोज बरोज बढ़ता जाता है। की योजना सरकार बनाती है इस मामले मे हमें ऐसा लगता है कि इसमे पूरा दिल लगा कर काम नहीं होता है।

भ्रष्टाचार इसका कारण हो सकता है। जितनी बड़ी और लम्बी वेटिंग लिस्ट रहेगी उतना ही ज्यादा अफसरों को पैसा खाने का मौका मिलता है। मन्त्री महोदय को जब मैं ऐसा कहता हू तो नाराज नहीं होना चाहिए क्योंकि यह पैसे वाला मामला जैसे मैंने कहा वहा पर चलता है। शहरो में आज अगर आप को टेलीफोन लेना हो तो हर जगह पर वह जो लगाने के लिए आयेगा वह तो घर को पहुच ही जाता है। जहां से देना होता है वहा से वह लगाने तक कई जगहों पर यह पैसे वाला मामला चलता रहता है। इस लिये हम को ऐसा ही लगता है कि शायद इस में भ्रष्टाचार का कोई सम्बन्ध हो, सरकार की तकलीफ का कम सम्बन्ध हो। लेकिन जो इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज बंगलोर की है मैं नही समझ पाता कि इस कारखाने की पैदावार को बढ़ाने के लिये सरकार ने कोई ठोस योजना क्यों नही बनाई। सार्वजनिक क्षेत्र में जो कारखाने अच्छे ढंग से काम कर रहे हैं उन में से इंडियन टेलिफोन इंडस्ट्रीज वाला कारखाना भी एक है। उस को आप और भी बढ़ा सकते हैं। उस में शायद 5 करोड़ रुपये की पूंजी लगाई गई है। उस को बढ़ा कर 10 करोड़ भी किया जा सकता था। पिछले साल इस कारखाने मे करीब 1 करोड़ रु० की विदेशी

मुद्रा इस देश के लिये कमाई । जो कारखाना विदेशी मुद्रा कमाता है उस को टेलीफोन विभाग को और बढ़ाना चाहिये । इस में जो वायर वगैरह की जरूरत होती है, क्वावेल्स की जरूरत होती है, जिस को बाहर से आना पड़ता है उस का काम हो सकता था । इस कारखाने को बढ़ा कर देश के लिये जो टेलीफोन की सुविधा की आवश्यकता है उस की पूर्ति के लिये बहुत काम हो सकता था और विदेशी मुद्रा कमाने का काम भी उस के जरिये हो सकता था । लेकिन वह नहीं हुआ । जो पैसा लगाया जाता है वह कई ऐसे उद्योगों मे सार्वजनिक क्षेत्र में लगाया जाता है जहा कोई कमाई नही होती और सारा पैसा डूब जाता है । मंत्री महोदय को मैं सुझाव देना चाहता हूं कि इंडियन टेलिफोन इंडस्ट्रीज के बारे में वह सोचें और इस के साथ साथ आज शहरों में जो टेलीफोन की तकलीफ है उस को दूर करने की दृष्टि से भी काम करें ।

टेलिफोन के सम्बन्ध में बोलते हुए मैं बम्बई की एक बात कहना चाहता हू । मैंने सुना है कि जो बम्बई के टेलिफोन के कर्मचारी हैं वह बहुत दिनों से प्रार्थना कर रहे हैं उन के जो दफ्तर हैं—मैं टेलीफोन एक्सचेन्जेज की बात नही कह रहा हूं बल्कि जो उन के दफ्तर हैं—वह किराये के मकानो में शहर के कोने कोने में रखे गये हैं । उन मकानों को छोड कर एक मकान बनाया जाये जहा पर तमाम दफ्तरों को रक्खा जाये । वे लोग यह मांग बहुत दिनों से करते चले आ रहे हैं लेकिन इस की ओर कोई ध्यान नही दिया गया है । मैंने तो यह भी सुना है कि पोस्ट ऐंड टेलिग्राफ डिपार्टमेंट ने कोई जमीन खरीद कर रक्खी है मकान बनाने के लिये लेकिन अब तक वहां पर मकान नहीं बनाया गया है । जमीन रहते हुए भी दूसरे मकान किराये में लेने का आवश्यकता पड़ी हो सकता है कि उसका किराया भी काफी देना पड़ता हो । आप जानते हैं कि बम्बई शहर में जो भी मकान लेता है उस को चार पांच हजार रुपया पगड़ी का देना होता है । शायद पगड़ी वाला मामला इस में भी हो और किसी अफसर का सम्बन्ध भी इस में हो । मैं आरोप नही लगाना चाहता लेकिन मैं चाहता हूं कि बम्बई में कर्मचारियों की ओर से बहुत दिनों से जो मांग की जा रही है उसके बारे में आप सोचें और निर्णय भी लें ।

टेलिफोन की सुविधा के बारे में कहना चाहता हूं कि जैसे उस की सुविधा शहर में चाहिये वैसे ही देहातों में भी टेलीफोन की सुविधा होनी चाहिये ।

कम्यूनिकेशन्स डिपार्टमेंट की जो रिपोर्ट है उस में मैंने एक बहुत ही दिलचस्प बात पढी । वह हिन्दुस्तानी टेलिप्रिंटर्स के बारे में है । यहां पर हिन्दुस्तानी टेलिप्रिंटर्स का कारखाना आज सात साल से चल रहा है । ओलिवेटी के साथ जो कि इटैलियन टेलिप्रिंटर्स की कम्पनी है उन का कोलेबोरेशन है और वह अच्छे ढंग से चल रहा है । टेलिप्रिंटर बनाने का जो काम हिन्दुस्तान की सरकार ने अपने हाथ में लिया है सात साल से वह चल रहा है । जब सरकार ने भाषा के बारे में नीति बना कर रक्खी है कि हिन्दुस्तान में हिन्दी को चलाना है तब मेरी समझ में नही आता कि अच्छे किस्म के हिन्दी टेलिप्रिंटर बनाने में सरकार को कौन सी दिक्कत है । हिन्दी अखबार हिन्दुस्तान मे अच्छे ढग से नही चल पाते है । मैं जानना हूं कि उस की क्या वजह है । उस की वजह यह है कि जो भी खबरे छपती हैं पी० टी० आई० की या यू० एन० आई० की वह अंग्रेजी टेलिप्रिंटर्स से छपती है । उस के बाद उन का अनुवाद करना पड़ता है तब कही वह जा कर हिन्दी में छप सकेगी । ऐसा करने में उन को तकलीफ होती है क्योंकि खबरें तो शाम को चलनी शुरू होती हैं और रात को एक बजे तक की खबरें छप कर पहुंच जाती हैं । अखबार वाले

[श्री जार्ज फरनेन्डीज]

5 बजे बाहर ले जाते हैं । लेकिन अगर अनुवाद करने बैठें तो 10 बजे के बाद ही खबरें मिल सकेंगी । यह मूल कारण है जिस से हमारे हिन्दी के अखबार ठीक ढंग से हिन्दुस्तान में नहीं छप पाते । मैं समझता हू कि इस की सारी जिम्मेवारी कम्यूनिकेशन्स मिनिस्टर साहब को लेनी चाहिये । वे हिन्दी के भक्त हैं । लेकिन अगर वे हिन्दुस्तानी टेलिप्रिंटर के इस काम को अच्छी तरह नहीं करते और ठीक वक्त पर नहीं करते कि हिन्दी टेलिप्रिंटर यहां बनाये जायें ताकि हिन्दी के अखबारों का सुधार हो सके तब तक यही बात चलती रहेगी कि लोग कहेंगे पढे लिखे लोग कि बिना अंग्रेजी का अखबार पढे हुए उन की समझ मे नही आता कि दुनिया मे क्या हो रहा है । मैं इस को तकलीफ नही मानता । जो अंग्रेजी समर्थक हैं वे इस तरह की बात को ले कर बहानेबाजी करते है। लेकिन यह समस्या हल होनी चाहिये ।

यह जो रिपोर्ट है उस के आखीर मे लिखा हुआ है कि पिछले साल टेलिप्रिंटर्स मे मालिक और मजदूरो के रिश्ते बहुत अच्छ रहे । 37 दिनो की हडताल रही सिटी अलाउंस के बारे मे । उस के सम्बन्ध मे लिखा है कि 37 दिनो के बाद मंत्रियो की मध्यस्थता की वजह से उस हडताल को बिना शर्त वापस ले लिया गया और बिना शर्त वापस लेने के बाद उन्हे 12½ रु० दे दिये गये । मेरी समझ मे नही आता यह कैसे सरकार और मजदूरो के रिश्ते अच्छे रहे है कि 37 दिन हडताल करने के बाद मध्यस्थता सरकार ने की और उस के बाद 12½ रु० दिये गये । पहले ही दे दिया होता तो 50–100 टेलिप्रिंटर और बन जाते । यही स्थिति सारे पोस्ट ऐंड टेलिग्राफ डिपार्टमेंट के बारे मे है ।

मैं जानता हू कि बम्बई शहर मे जब बारिश शुरू हुई तो पोस्टमैनो ने काम बन्द कर दिया था और कहा कि छतरी नही है, हम कैसे काम करें ? उन्हें यूनिफार्म नही दी गई । मैंने सुना है कि आर० एम० एस० के जो वाचमैन रहते हैं उन्हें केवल 75 रु० के लिये बारह घटे काम करना होता है । मजदूरो के वास्ते जो कायदे बने हुए हैं, मजदूरो के के वास्ते जो नीतिया बनी हुई है, और जो खुद आप की सरकार चाहती है कि निजी क्षेत्रो के मालिक अपने मजदूरो के साथ अच्छा बरताव करे, मैं चाहूगा सरकार भी और खास कर पोस्ट ऐंड टेलिग्राफ डिपार्टमेंट जिस मे सवा चार या पाच लाख कर्मचारी काम करते है, अपने कर्मचारियो के बारे मे वही नीतिया रक्खे और उन को वही सुविधाये देने के बारे मे सोचे । उन को मकान देने के बारे मे भी सोचे । ऐसा काम नही किया जाना चाहिये जैसे कहा गया था कि तीसरी पच वर्षीय योजना मे 5 हजार मकान बनवाये जायेंगे कर्मचारियो के लिये । लेकिन उन मे से शायद एक भी नही बना । रेलवे ने बम्बई शहर मे जो डेढ सौ या दो सौ मकान बनवाये थे वह वैसे ही खाली पडे हुए है । उन्हे भी नही दिया जा रहा है । मै चाहता हू कर्मचारियो के बारे मे जो नीति है उस का तत्काल सुधारने का काम मत्री महोदय करे ।

Shri Narendra Singh Mahida (Anand) I shall be very brief

I had seen the days of dak runners in our country and I have seen the present age when our air mail is being carried by planes We have made progress which can be compared with any other modern nation in the world

